an>

Title: Need to provide facilities for treatment of patients suffering from pancreas, liver and stroke in all districts of Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : महोदया, इस समय पूरी दुनिया में लोगों की जीवन पद्धति के कारण उनके स्वास्थ्य में जो कमियां आ रही हैं, उस पर चर्चा हो रही है और आपकी प्रेरणा से लोक सभा में भी इस विषय पर चर्चा हो रही है। इसके लिए मैं आपको बहुत धन्यवाद देते हुए इस योजना की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करते हुए कहना चाहता हूं कि भारत सरकार के आयुÂष मंत्रालय ने दिनांक 1 जून, 2016 को दिल, गुर्दा, लीवर एवं स्ट्रोक आदि गंभीर बीमारियों के इलाज और इन बीमारियों के होने से पहले रोकथाम के लिए कार्यदायी एवं शिक्षात्मक योजना बनाई है। 1 जून, 2016 को पूरे देश में छह पायलट प्रोजेक्ट्स चुने गए थे, जिसके तहत हमारे लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी को भी चुना था, जहां आयुÂष मंत्रालय के मंत्री जी भी गए थे और 1 जून, 2016 को उसका उद्घाटन किया था। योजना के अनुसार सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक नियुक्तियां कर दी गई हैं और लोगों को प्रशिक्षित करके योजना के प्रचार-प्रसार की रूप-रेखा भी निश्चित की गई है, परन्तु उक्त योजना को लागू करने के लिए उन सामुदायिक केंद्रों को चुना गया है, जहां पहले से ही संसाधनों और कमरे आदि की कमी थी। इसमें दूसरी समस्या यह आ रही है कि आयुर्वेदिक और यूनानी पद्धतियों के प्रशिक्षित चिकित्सक और स्टॉफ की एक साथ नियुक्ति की गई है और प्रशासनिक अधिकार स्पÂट न होने के कारण भी वहां अस्पताल और केंद्र सही ढंग से नहीं चल पा रहे हैं।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उक्त योजना हेतु स्थान व भवन की जरूरत पूरी करने के लिए धन का आबंटन किया जाए तथा उक्त संस्थाओं को संचालित करने के नियमों की स्पष्ट व्याख्या की जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री शरद त्रिपाठी, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री अजय मिश्रा टेनी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।